जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

14 जून, 2024

प्रेस विज्ञप्ति

रोमांचक फाइनल मैच के साथ जामिया प्रीमियर लीग (जेपीएल) का समापन
- यूनिवर्सिटी पॉलिटेक्निक को हराकर सेंट्रल ऑफिस की टीम विजेता बनी

कल रात रोमांचक फाइनल मैच में यूनिवर्सिटी पॉलिटेक्निक को अंतिम गेंद पर हराकर सेंट्रल ऑफिस की टीम ने जामिया प्रीमियर लीग (जेपीएल)-2024 की विजेता ट्रॉफी अपने नाम की। यह यादगार डे-नाइट फाइनल मैच विश्वविद्यालय के एनएमएके पटौदी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खेला गया, जहां विजेता टीम ने मैच की अंतिम गेंद पर 155 रनों का लक्ष्य हासिल किया। फाइनल मैच के दौरान जेएमआई के कार्यवाहक कुलपति प्रो. मोहम्मद शकील, जेएमआई के कार्यवाहक रजिस्ट्रार श्री एम. नसीम हैदर, अतिथि और यूनिवर्सिटी के अन्य अधिकारी मौजूद थे।

समापन एवं पुरस्कार समारोह के मुख्य अतिथि जामिया मिल्लिया इस्लामिया के कार्यवाहक कुलपति प्रो. मोहम्मद शकील थे, जबकि जामिया मिल्लिया इस्लामिया के कार्यवाहक कुलसचिव श्री एम. नसीम हैदर और इंडियन बैंक, जामिया मिल्लिया इस्लामिया शाखा के मुख्य प्रबंधक श्री मोहम्मद जफर समारोह के मुख्य अतिथि थे। उन्होंने टीमों और उसके सदस्यों को विजेता और उपविजेता ट्रॉफी एवं पदक वितरित किए।

दिनांक 5 मई, 2024 को शुरू हुए जेपीएल-2024 में जामिया मिल्लिया इस्लामिया के विभिन्न संकायों, केंद्रों एवं कार्यालयों से कुल 12 स्टाफ टीमों ने भाग लिया। एक महीने तक चलने वाले इस आयोजन के दौरान एनएमएके स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स और जामिया स्कूल क्रिकेट ग्राउंड में कुल 33 लीग मैच खेले गए।

जेपीएल-2024 की आयोजन समिति के अध्यक्ष प्रो. वसीम अहमद खान, निदेशक, गेम्स एंड स्पोर्ट्स , जामिया मिल्लिया इस्लामिया थे और प्रो. मोहम्मद शाहिद खान, उप निदेशक, गेम्स एंड स्पोर्ट्स, जामिया मिल्लिया इस्लामिया इसके उपाध्यक्ष थे । शाह मो. फ़ैज़ के साथ डॉ मो. मूनिस आयोजन सचिव थे । समिति के सदस्य के रूप में जामिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रिंसिपल अरशद खान और जामिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल के खेल अधिकारी अदील अहमद शामिल हैं।

कार्यवाहक कुलपति ने अपने संबोधन में आयोजन समिति को मौजूदा खराब मौसम के बावजूद जेपीएल-2024 के सफल आयोजन के लिए बधाई दी। उन्होंने टीम के सदस्यों की खेल भावना की सराहना की तथा इस बात पर बल दिया कि ऐसे आयोजन नियमित रूप से होने चाहिए।

जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया